कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक : संस्था–2/अराज/यू.टी.बी./2023/ 7640 दिनांक : 22 सितम्बर, 2023

– : : सूचना : : –

श्रीमान निदेशक (अराजपत्रित), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक/अराज/यूटीबी/2023/369 दिनांक 24/07/2023 एवं पत्रांक 392 दिनांक 04/08/2023 के द्वारा भीलवाड़ा जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधीन संचालित चिकित्सा संस्थानों में **नर्सिंग ऑफिसर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, लैब टैक्नीशियन, सहायक रेडियोग्राफर एवं फार्मासिस्ट** के स्पष्ट रिक्त पदों पर आवश्यक अस्थाई आधार (यू.टी.बी.) पर चयन/नियोजन किया जाना है। इस हेतु गूगल फार्म के माध्यम से अन्तिम दिनांक 25/08/2023 को सांय 06.00 बजे तक आवेदनकर्ताओं द्वारा उपलब्ध डाटा के आधार पर निर्देशानुसार प्रथमतः जिले के (भीलवाड़ा एवं शाहपुरा) अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दिये जाने की अनुपालना में एवं निदेशालय, जयपुर के पत्र क्रमांक 333 दिनांक 06/09/2023 एवं जोन कार्यालय अजमेर के पत्र क्रमांक 3249 दिनांक 15/09/2023 से प्राप्त नवीन निर्देशानुसार जिले की (भीलवाड़ा एवं शाहपुरा पृथक–पृथक) तैयार अन्तरिम (Provisional) वरियता सूची के साथ राज्य सरकार द्वारा बोनस अंक के सम्बन्ध में जारी प्रपत्र की प्रति उपलब्ध करवाई जा रही है। प्रकाशित अन्तरिम (Provisional) वरियता सूची में यदि किसी आवेदनकर्ता को किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो वह दिनांक 24 सितम्बर, 2023 (रविवार) **(राजकीय अवकाश दिवस में कार्यालय खुला रहेगा)** तक अपने समस्त मूल दस्तावेज सहित कार्यालय समय में उपस्थित होकर अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद किसी प्रकार के अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। प्रकाशित अन्तरिम (Provisional) वरियता सूची गूगल फार्म पर आवेदनकर्ता द्वारा भरे गये डाटा के आधार पर तैयार की गई है, जिसकी पूर्ण सत्यता दस्तावेज सत्यापन के समय बुलाये जाने वाले आवेदनकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत समस्त मूल दस्तावेजों के आधार पर अन्तिम वरियता रहेगी। जारी अन्तरिम (Provisional) वरियता सूची में आवेदनकर्ता को देय बोनस अंक की गणना आवेदनकर्ता द्वारा अंकन किये गये निर्देशानुसार राजकीय संस्थानों पर विभिन्न योजनाओं में किये गये कार्य, अवधि एवं दिवसों के आधार पर प्रोविजनल आधार पर की गई, जिसका सत्यापन मूल अनुभव प्रमाण पत्र (राज्य सरकार के पत्र क्रमांक आई.डी.–92/चिस्वा/ग्रुप–3/2023 दिनांक 25/04/2023 से जारी दिशा–निर्देशानुसार अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी एवं संबंधित अधिकारी द्वारा सत्यापित किया हुआ) से किये जाने के उपरान्त अन्तिम रहेगा।

मेरिट बनाये जाने का आधार निदेशालय, जयपुर द्वारा पूर्व में जारी विज्ञप्ति अनुसार नर्सिंग ऑफिसर, लैब टैक्नीशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर के पद हेतु शैक्षणिक योग्यता (उच्च माध्यमिक) एवं तकनीकी योग्यता का 70 प्रतिशत एवं 30 प्रतिशत बोनस अंक, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद हेतु शैक्षणिक योग्यता (माध्यमिक) एवं तकनीकी योग्यता का 70 प्रतिशत एवं 30 प्रतिशत बोनस अंक तथा फार्मासिस्ट के पद हेतु तकनीकी योग्यता का 70 प्रतिशत एवं 30 प्रतिशत बोनस अंक देय है)

दिनांक 24/09/2023 तक प्राप्त अभ्यावेदनों पर गठित कमेटी के निर्णय उपरान्त अन्तिम वरियता सूची से रोस्टर एवं आरक्षण अनुसार 05 गुणा अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु निम्न कार्यक्रम अनुसार बुलाया जावेगा, जिसकी सूचना सम्बन्धित 05 गुणा अभ्यर्थियों को (उपलब्ध Email ID पर) दिनांक 26/09/2023 तक उपलब्ध करवा दी जावेगी, जिनका दस्तावेज सत्यापन (बुलाये जाने वाले समस्त अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन में सूचना भरकर समस्त मूल दस्तावेज मय एक सेट छायाप्रति के दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम में उपस्थित होंगे, किसी भी प्रकार के दस्तावेज की कमी पाये जाने पर आवेदन निरस्त योग्य होगा) कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा :–

दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम

क्र.सं.	दिनांक	विवरण
1	27/09/2023	महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता यू.टी.बी. अभ्यर्थियों का
2	28/09/2023	नर्सिंग ऑफिसर यू.टी.बी. एवं सहायक रेडियोग्राफर यू.टी.बी. अभ्यर्थियों का
3	29/09/2023	फार्मासिस्ट यू.टी.बी. एवं लैब टैक्नीशियन यू.टी.बी. अभ्यर्थियों का

नोट : 1. उक्तानुसार अति आवश्यक कार्यक्रम को देखते हुए उक्त अवधि में आने वाले समस्त राजकीय अवकाश के दिन कार्यालय खुला रहेगा।

2. अन्तरिम वरियता सूची भीलवाड़ा जिले की वेबसाईट www.bhilwara.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है

संलग्न : उक्तानुसार

(डॉ. मुस्ताक खान)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
भीलवाड़ा